दिनांक 02.02.2018

स्वच्छ भारत अभियान **स्वच्छ एवं सुदर भिलाई**

महापौर देवेन्द्र यादव ने भिलाई के गोठ कार्यक्रम के तहत् शुक्रवार को वार्ड 60 रिसाली बस्ती में चौपाल लगाई

भिलाईनगर/ भिलाई के गोठ कार्यक्रम के अंतर्गत आज निगम महापौर देवेन्द्र यादव द्वारा वार्ड 60 रिसाली बस्ती पहुंचकर चौपाल लगाई तथा लक्ष्मीनगर, मीलपारा, रिसाली भाठा, आशीष नगर, मैत्री नगर, आदि मोहल्ले में वार्ड भ्रमण करते हुए वार्ड के समस्याओं से अवगत् हुए एवं वार्ड के गणमान्य निवासियों से भेंटकर नागरिकों द्वारा बताई गई समस्याओं से अवगत हुए। इस दौरान वार्ड के नगरिकों द्वारा महापौर को वार्ड की मूलभुत समस्याओं से संबंधित आवेदन दिये गये जिसपर मौके पर उपस्थित निगम के अधिकारियों को उक्त आवेदनों पर आवेदन की मांग अनुसार निराकरण करने के निर्देश दिये।

निगम महापौर वार्ड भ्रमण के दौरान वार्ड के नागरिकों के द्वारा मुख्य रुप से बी0पी0 आडिल (लक्ष्मीनगर) घर के समीप सड़क का संधारण कार्य, मीलपारा में स्ट्रीट लाईट में बल्ब लगाने, एवं मीलपारा में नवनिर्मित भवन का शीघ्र लोकार्पण कर जनता को सौंपे जाने, विजय किराना स्टोर्स के पास स्थित हैण्डपम्प में बोर लगाने, सड़क के पोलों में एलईडी लाईट लगाये जाने, शारदा स्कुल के पास टुटी नाली का संधारण कार्य कराने, रिसाली बस्ती के हैण्डपम्प नं. 03 में मोटर डालने, मुख्य मार्ग में स्थित खटाल जो कब्जा कर बनाया गया है उसे हटाये जाने और उक्त परिसर को व्यवस्थित कर वृक्षारोपण किये जाने, रिसाली भाठा मुख्य मार्ग के समानांतर नाली निर्माण का प्रपोजल तैयार करने एवं सीसी रोड कार्य प्रारम्भ करवाने, इस्पात नगर, आशीष नगर में नहर की सफाई, पानी निकासी की व्यवस्था, अतिक्रमण हटाने, आशीष नगर के नाली का संधारण कार्य, तालाब किनारे स्थित सामुदायिक भवन जो अधुरा है उसे पूर्ण करने, संगीता टेक्सटाईल्स मैत्रीनगर के पास नाली निर्माण कार्य करवाने की मांग रखी गई।

निगम महापौर श्री यादव ने गंभीरता पूर्वक नागरिकों द्वारा रखे गये मांगों पर प्रस्ताव तैयार करने के निर्देश जोन आयुक्त को दिये साथ ही वार्ड के नागरिकों को आश्वस्त किये कि मेरे द्वारा वार्ड का निरंतर भ्रमण किया जावेगा आज जो मांगे रखी गई है उसका निराकरण किया जावेगा। अतिक्रमण, सडक बाधा, नाली सफाई, विद्युत व्यवस्था के स्थानों को मौके पर अधिकारी जाकर चिन्हित कर आवश्यक व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिये तथा की गई कार्यवाही से अवगत कराने को कहा गया।

भ्रमण के दौरान वार्ड पार्षद चुम्मन देशमुख, बब्बन, डोमार, मोनेश बंछोर, दानेश्वर यादव, मोतीन देशमुख, कुमरिया देशमुख, कामिनी साहू, बान देशमुख, ललिता सिंह, बोनी, सागर, सहित वार्ड के नागरिक एवं निगम के अधिकारी, कर्मचारी उपस्थित रहे।

जन सम्पर्क अधिकारी